# ये जिन्दगी धोखा दे जायेगी

ये जिंदगी धोखा दे जाएगी, नर करले भजन हरि का।
तेरी मनकी मन मे रह जाएगी, नर करले भजन हरि का॥

जोड़ जोड़ जो राखी माया,इसको देख-देख भरमाया।
ये पानी जैसे बह जाएगी,नर करले भजन हरि का॥ये जिंदगी धोखा दे जाएगी, करले भजन हरि का।
तेरी मन की मन मे रह जाएगी, करले भजन हरि का॥

तेरी कोठी तेरी हवेली, बन जाएगी एक पहेली।
ये धरी यहीं पर रह जाएगी, नर करले भजन हरि का॥ये जिंदगी धोखा दे जाएगी, करले भजन हरि का।
तेरी मन की मन मे रह जाएगी, करले भजन हरि का॥

सदा रहे ना जोबन छाया,मिट्टी की ये तेरी काया।
ये तो पल भर में ढह जाएगी,नर करले भजन हरि का॥ये जिंदगी धोखा दे जाएगी, करले भजन हरि का।
तेरी मन की मन मे रह जाएगी, करले भजन हरि का॥

भजन करन का यही है मौका, इस जीवन का नहीं भरोसा।
कब मौत उठा तुझे ले जाएगी, नर करले भजन हरि का॥ये जिंदगी धोखा दे जाएगी, करले भजन हरि का।
तेरी मन की मन मे रह जाएगी, करले भजन हरि का॥

अपलोडर:- भरत कुमार भारत दबथरा

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/36688/title/ye-jindagi-dhoka-de-jayegi

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |